कार्यालय : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सिकराय (दौसा)

Email – gcsikrai@gmail.com

क्रमांक : रा.म.सि/स्था/2022/ 680 दिनांक : 29-11-2022

स्थानीय ब्यूरो प्रभारी
राजस्थान पत्रिका /दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति
सिकराय

प्रेस–विज्ञप्ति

आज दिनांक 29.11.2022 को राजकीय महाविद्यालय, सिकराय (दौसा) में राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S) व E.L.C के संयुक्त तत्वाधान में 22.11.2022 से 30.11.2022 के मध्य चल रहे सडक सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारें श्री रविन्द्र जोशी जी (R.T.O. दौसा) श्री बनवारी लाल मीना (S.I.) ने महाविद्यालय में शिरकत कर छात्रों को रोड सेफ्टी, लाइसेंस बनवाने, घायल व्यक्ति की मदद पर 5000रू. प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने के बारे में बताया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश मीना जी ने छात्रों को सडक सुरक्षा से सम्बन्धित शपथ दिलावायी श्री बसवाल ने छात्रों को BS-6 मापदण्ड हेलमेट के प्रयोग, सीट बेल्ट की उपयोगिता तथा छात्रों को वोटर कार्ड एवं लाइसेंस को जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कैलाश जी, राहुल जी, अशोक जी, राकेश जी एव छात्रसंघ कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे

कार्यवाहक प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, सिकराय
(दौसा)

यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

सिकराय महाविद्यालय में आयोजित सडक सुरक्षा सप्ताह को लेकर छात्र-छात्राओं को जानकारी देते जिला परिवहन अधिकारी।

सिकराय @ पत्रिका. राष्ट्रीय सेवा योजना व ईएलसी के संयुक्त तत्वावधान में 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चल रहे सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत राजकीय महाविद्यालय सिकराय में शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी व सब इंस्पेक्टर बनवारीलाल मीना ने छात्रों को सडक सुरक्षा, बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, घायल व्यक्ति को समय पर नजदीक के अस्पताल पहुंचाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाने के बारे में बताया। सुशील कुमार बसवाल ने हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, लाइसेंस व वोटर आईडी कार्ड व जरूरी दस्तावेज बनवाने पर जोर दिया।